17th Edition
HGH® INDIA 2025
HOME DECOR ▪ GIFTS ▪ HOUSEWARE
July 01-04, 2025. Bombay Exhibition Center, Mumbai

NEWS 2

A TEXZONE Event

Where business feels at home!

# होम टेक्सटाइल्स के नए अंदाज़

मुंबई के गोरेगांव स्थित बॉम्बे एग्जीबिशन सेंटर में 01-04 जुलाई, 2025 के दौरान आयोजित होने वाला एचजीएच इंडिया का 17वां संस्करण, भारत के 700 से अधिक शहरों और कस्बों तथा 30 से अधिक अन्य देशों के व्यापारिक आगंतुकों का स्वागत करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

प्रदर्शक नए खुदरा सीज़न के लिए सोर्सिंग की शुरुआत में ही यहाँ आने वाले खुदरा विक्रेताओं, वितरकों, ओईएम खरीदारों, आयातकों और संस्थागत खरीदारों के सामने अपने नवाचारों को पेश करने के लिए उत्सुक हैं। दूसरी ओर, व्यापारिक खरीदार भी काफी उत्साहित हैं और अभिनव उत्पादों, 2025-26 के रुझानों, नए आपूर्तिकर्ताओं, नए व्यावसायिक विचारों और एचजीएच इंडिया में मौजूद कई प्रमुख ब्रांडों के साथ साझेदारी के अवसर की तलाश में हैं। इस आयोजन में 33 से अधिक देशों के 700 ब्रांड्स और निर्माता अपने होम प्रोडक्ट्स की पूरी श्रृंखला का प्रदर्शन करेंगे। उम्मीद है कि ज़्यादातर प्रदर्शक 2025-26 के खुदरा सीज़न के लिए अपने नवाचारों और नए कलेक्शन को लॉन्च करेंगे।

हम एक बार फिर से एचजीएच इंडिया में आप सभी के स्वागत की तैयारी कर रहे हैं, जहाँ व्यवसाय से जुड़ी गतिविधियां अपने घर की बात लगती है, तो आइये हम एचजीएच इंडिया के इस आगामी संस्करण में कुछ प्रमुख प्रदर्शकों के इनोवेशन और नए व्यावसायिक विचारों की विविध श्रृंखला पर एक नज़र डालें।

## होम टेक्सटाइल्स

### स्प्रेड होम

स्प्रेड एक लोकप्रिय ब्रांड है, जो बेड, बाथ और होम डेकोर के उत्पाद पेश करता है और पूरे भारत के सभी प्रमुख स्टोरों में उपलब्ध है। यह ब्रांड बेहतरीन कपास, बांस, टेन्सेल, कोरल तथा कई अन्य प्राकृतिक एवं विशेष फाइबर से बने प्रीमियम उत्पादों की पेशकश के लिए जाना जाता है। ब्रांड के उत्पाद नवाचार, शानदार डिज़ाइन, उपयोगिता और आराम का बेहतरीन मेल हैं। एचजीएच इंडिया के इस संस्करण में स्प्रेड होम अपने कई उत्पादों में इनोवेशन को प्रदर्शित करने वाला है।


Bamboo Towels


Outlast Cooling Comforter

स्प्रेड स्पेन इस बार आउटलास्ट कूलिंग कम्फ़र्टर लेकर आ रहा है, जिसमें NASA से प्रेरित आउटलास्ट तकनीक का इस्तेमाल किया गया है, जो सोते समय बिल्कुल सही तापमान बनाए रखती है। यह गर्मी महसूस करने वाले लोगों के लिए गर्मी को अपने आप ही सोखता और छोड़ता है, ताकि सोते समय तापमान न तो बहुत ठंडा, न बहुत गर्म, बल्कि एकदम सही बना रहे।

उपभोक्ता प्रीमियम धागे और आउटलास्ट फिलिंग के साथ बादलों की तरह मुलायम, हवादार और लक्ज़री अनुभव का आनंद ले सकते हैं। स्प्रेड स्पेन कम्फ़र्टर को ओइको-टेक्स स्टैंडर्ड 100 का प्रमाणन मिला है, यानी यह कम्फ़र्टर त्वचा के अनुकूल और एलर्जी-मुक्त है। यह सोते समय थोड़ी गर्माहट का एहसास चाहने वालों के लिए एकदम सही है। उच्च गुणवत्ता वाले और बेहद टिकाऊ कम्फ़र्टर का रखरखाव बेहद आसान है, जो इसे आरामदायक नींद के लिए एक बेहतरीन उपहार बनाता है।

स्प्रेड होम रोज़मर्रा के इस्तेमाल के लिए बेहद शानदार तौलियों की एक नई श्रृंखला पेश करेगा, जिनमें मुलायम और उच्च गुणवत्ता वाले फैब्रिक के साथ गहरे रंगों और स्टाइलिश डिज़ाइन का शानदार तालमेल होगा, तथा आपको अपनी दिनचर्या में लक्ज़री और कोमलता का अनुभव देगा। तौलियों की यह नई रेंज केवल शरीर पोंछने के लिए नहीं है, बल्कि ये एक फैशन स्टेटमेंट भी है।

### अक्सा फाइबर्स

दुनिया में ऐक्रेलिक फाइबर के सबसे बड़े निर्माता, **अक्सा एक्रिलिक** अपने तीन प्रमुख ब्रांडों: **एक्रिलूना, एक्रिल्यूज़न** और **आर्मोरा** के माध्यम से होम टेक्सटाइल के क्षेत्र में अपने बिल्कुल नए इनोवेशन को प्रदर्शित करेगा।

बीते कई सालों से दुनिया भर के टेक्सटाइल उद्योग में एक्रिलूना फाइबर का सफलतापूर्वक उपयोग हो रहा है। आमतौर पर इनका इस्तेमाल आमतौर पर बेड के लिए उपयोगी कपड़ों, खासकर फ़्लेनेल फैब्रिक्स में किया जाता है, जिसमें ये बेहतरीन आराम और गर्माहट देते हैं। एक्रीलूना एवरफ्रेश फाइबर का इस्तेमाल तौलिया बनाने में होता है, जो बेमिसाल कोमलता के साथ-साथ बैक्टीरिया के विकास को रोकने वाले तत्वों के कारण बेहतर स्वच्छता प्रदान करते हैं।

इसके अलावा, हाल ही में लॉन्च किए गए **वन्सडाई फाइबर** को कॉटन


Acryluna Fibre

तथा दूसरे सेल्युलोसिक फाइबर के साथ एक साथ रंगा जा सकता है। इस तरह ब्लेंड में रंगाई की प्रक्रिया आसान हो जाती है, जिससे ऊर्जा, समय और पानी की बचत होती है।

अक्सा की ओर से अपने फिलामेंट एक्रिलिक फाइबर, **एक्रिल्यूज़न** से तैयार किए गए **परफॉर्मेंस कार्पेट** भी पेश करेगा, जिन्हें हाथों एवं मशीनों से बनाया गया है। इन कालीनों को **रखरखाव में आसानी** तथा **उच्च यूवी प्रतिरोध** के लिए जाना जाता है, जो इन्हें घर के अंदर और बाहर लंबे समय तक उपयोग के लिए एकदम सही बनाते हैं।

अंत में, अक्सा अपने उच्च-प्रदर्शन वाले **मोडैक्रिलिक फाइबर, आर्मोरा** का भी प्रदर्शन करेगा, जिसका ऐसे होम टेक्सटाइल उत्पादों में बड़े पैमाने पर उपयोग होता है, जिनके लिए आग से बचाव (FR) के गुणों की आवश्यकता होती है। आर्मोरा, टिकाऊपन, सुरक्षा और


Acrylusion Carpet

ख़ूबसूरती का शानदार संतुलन प्रदान करता है।

## रेमंड पेश करता है शानदार स्टाइल वाले बेडिंग

रेमंड होम नए जमाने के प्रीमियम बेड लिनन, बाथ, कंबल और शॉल जैसे उत्पादों की पेशकश करने वाला होम लिनन ब्रांड है, जो एक दशक बाद एचजीएच इंडिया में वापसी कर रहा है। यह ब्रांड अपने दशकों के अनुभव और सौ साल की विरासत के साथ तैयार की गई एक बिल्कुल नई रेंज पेश लेकर आ रहा है। ये सभी कलेक्शन बेहद सुकून भरे एहसास और ज़बरदस्त स्टाइल के लिए शानदार गुणवत्ता वाले कपड़ों से बनाए गए हैं।

ब्रांड के **बेडलिनन** रेंज में **नियोट्रोपिक** कलेक्शन शामिल है, जिसे उनके


Everfresh Collection

अपने डिज़ाइन स्टूडियो में मूल रूप से हाथों से तैयार किया और पेंट किया गया है, जिसके असममित लेआउट में फूलों और ज्यामितीय डिज़ाइनों का एक अनोखा मिश्रण है। **एवरफ्रेश कलेक्शन** में दाग और पानी से बचाने वाली इनोवेटिव बेडशीट्स हैं, जो बेहतर सुरक्षा के साथ-साथ आसानी से साफ होती हैं तथा बेहद सुकून भरे एहसास के लिए ये मुलायम व हवादार भी हैं।

इसके अलावा, उनके पास बैम्बू कॉटन, कॉटन टेन्सेल और 100% कॉम्बेड कॉटन जैसे बेहद शानदार फैब्रिक्स भी हैं, जो रोटरी, हाई डीपीआई डिजिटल और मेटैलिक प्रिंट में उपलब्ध हैं।

**बाथ कलेक्शन** में आपको बहुत तेज़ी से पानी सोखने वाले बेहद शानदार टेरी टॉवल मिलेंगे, जो लग्जरी का एहसास कराते हैं। इस कलेक्शन में बैम्बू कॉटन, ज़ीरो ट्विस्ट और कॉम्बेड कॉटन के टॉवल शामिल हैं, जो त्वचा के लिए बहुत अच्छे होने के साथ-साथ बेहद मुलायम महसूस होते हैं।

**कंबलों और रज़ाइयों** में मौसम के हिसाब से उपयोग किए जाने वाले मिंक, फ़्लैनेल, फ़्लीस, शेरपा, फ़ॉक्स फर से लेकर अल्ट्रा-प्रीमियम 'सुपरक्लाउडी' तक कई तरह के उत्पादों को शामिल किया गया है, जो बेहतरीन गर्माहट और बेहद शानदार एहसास देते हैं। रेमंड की बेमिसाल विरासत की झलक उनके वूल ब्लैंकेट कलेक्शन में नज़र आती है, जो बेहतर गर्माहट और बेमिसाल आराम प्रदान करते हैं।

## हैग्रीवास फैब्रिक्स पेश करते हैं प्लैटिना इंडिया

हैग्रीवास फैब्रिक्स अधिक चौड़ाई वाले कपड़ों का निर्माण और निर्यात करने वाली एक प्रमुख कंपनी है, जो लग्जरी बेडिंग सेगमेंट में अपने नए ब्रांड, प्लैटिना इंडिया को लॉन्च करने वाला है। प्लैटिना इंडिया अपनी बेडशीट, बेड सेट, कम्फर्टर और पिलो केस की एक नई श्रृंखला पेश करेगा। इनका निर्माण 1,400 टीसी तक के फैब्रिक में किया गया है,


PLATINA INDIA Collection

जिन पर बारीक कढ़ाई, प्रिंट और एक ही शीट पर प्रिंट व कढ़ाई का मिश्रण भी होगा। प्रिंट और कढ़ाई का यह मेल इस ब्रांड की एक अनोखी ख़ासियत भी है।

यह ब्रांड 100% कॉटन फिलिंग वाले कम्फर्टर भी प्रदर्शित करेगा, जो अब तक मुख्य रूप से मानव निर्मित फाइबर फिलिंग के साथ ही उपलब्ध थे। प्लैटिना इंडिया™ के बेडिंग उत्पाद आमतौर पर उच्च गुणवत्ता वाली सामग्रियों से बने होते हैं, जिनमें इजिप्शियन कॉटन, सुपीमा, ऑर्गेनिक कॉटन, माइक्रो-टेन्सेल, बांस, केला और अनानास भी शामिल हैं।

प्लैटिना इंडिया™ पूरी तरह से लक्जरी होम टेक्सटाइल्स पर केंद्रित है, जिसे शान, स्टाइल और आराम से जीवन जीने के लिए डिज़ाइन किया गया है। शानदार डिज़ाइन, गुणवत्ता की हर कसौटी पर खरा, उत्पाद की छोटी-छोटी बारीकी पर सटीक ध्यान और बेहतरीन कारीगरी ही प्लैटिना इंडिया™ बेडिंग की पहचान है, जिससे आपको बेमिसाल गुणवत्ता वाले बेड लिनन का शानदार अनुभव मिलता है।

हैग्रीवास फैब्रिक्स, जो प्लैटिना इंडिया की जनक कंपनी है, चार पीढ़ियों से कपड़ा व्यवसाय में संलग्न है और उसे गुणवत्ता एवं तकनीक की गहरी जानकारी है।

## मैस्पर का "सेरीन हेवन"

एचजीएच इंडिया के 17वें संस्करण में **मैस्पर** एक खास कलेक्शन पेश कर रहा है, जो **आराम, सुकून और सादगी वाली लग्जरी** पर केंद्रित है। सेरीन हेवन कलेक्शन उन लोगों के लिए बनाया गया है, जो अपने घर के माहौल को बेहद सुकून भरा बनाना चाहते हैं — जो किसी पवित्र जगह


Serene Haven Collection

की तरह शांतिपूर्ण, सुंदर और सहज रूप से स्टाइलिश हो। इस कलेक्शन में सुकून देने वाले रंगों, उम्दा एवं शानदार फैब्रिक्स और छोटी-छोटी बारीकियों पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिसकी वजह से इस कलेक्शन का हर पीस आपके घर को एक खूबसूरत और सदाबहार अहसास देता है।

चाहे आप अपने लिविंग रूम को नया रूप दे रहे हों या घर के किसी कोने को आरामदायक बनाने के बारे में सोच रहे हों, मैस्पर के नवीनतम डिज़ाइनों से ऐसा घर बनाना आसान हो जाता है जो बिल्कुल सही लगे।

## अर्बन बेसिक्स x नासा (जियोकॉमर्स रिटेल)

अर्बन बेसिक्स इस बार होम टेक्सटाइल का एक ऐसा शानदार कलेक्शन पेश करने वाला है, जो हमारी सोच से भी बड़े अंतरिक्ष की दुनिया और नई-नई खोजों से प्रेरित है। इसके **हर डिजाइन को अमेरिका के नासा ने आधिकारिक तौर पर मंज़ूर** किया है।

हर उम्र के सपने देखने वालों, खोजियों और अंतरिक्ष से लगाव अपने वालों के लिए तैयार किए गए इस कलेक्शन में शामिल होंगे:

- गैलेक्टिक प्रिंट वाली **बेडशीट,** जो सितारों को आपके कमरे में ले आएंगी।
- **कुशन और नेक पिलो,** जो अंतरिक्ष की स्टाइल को रोज़मर्रा के आराम से जोड़ते हैं।
- **तौलिए, कम्फ़र्टर्स और दोहर** भी हैं, जिन पर नासा के जाने-माने डिज़ाइन और सितारों के बीच के पैटर्न बने होंगे।

सबसे कोमल फैब्रिक्स से लेकर बिलकुल नए, भविष्य को ध्यान मे रखकर तैयार किए गए डिज़ाइनों तक, इस कलेक्शन का हर एक पीस



Urban Basics x NASA

सही मायने में नवाचार, जिज्ञासा और रोमांच की भावना को समर्पित है, जो आपके घर को सिर्फ रहने की जगह नहीं, बल्कि खोजने लायक एक पूरा ब्रह्मांड बना देता है।

अब अपने घर में आराम से ब्रह्मांड का अनुभव करें। सितारों के नीचे सोएँ। आसमान से भी आगे के सपने देखें।

## अमरावती टेक्सटाइल्स लेकर आया है ऊडाई (बेड एवं बाथ लिनन)

ऊडाई, तमिलनाडु की सबसे पुरानी और बेहद सम्मानित होम


Oodaii Collection

टेक्सटाइल निर्यात इकाइयों में से एक, अमरावती टेक्सटाइल्स की नई पेशकश है, जिसकी स्थापना 1970 में हुई थी। ऊडाई अपने इनोवेटिव डिज़ाइन, बेमिसाल गुणवत्ता और पर्यावरण के अनुरूप तौर-तरीकों पर आधारित विरासत को आगे बढ़ाता है, साथ ही अपने हर उत्पाद में नयापन लाने के अलावा उसे नए जमाने के अनुरूप बनाता है। यह ब्रांड बेहतरीन डिज़ाइन, प्रीमियम कारीगरी और अपनी धरती के लिए हर दिल में बसे प्रेम के माध्यम से लक्जरी के मायने को बदल रहा है। इस ब्रांड का हर उत्पाद विरासत, नैतिक मूल्यों और आधुनिक सोच का बेहद समझदारी भरा मिश्रण है – जो इस ब्रांड के स्वरूप और इसके विश्वास को दर्शाता है।

**फर्निशिंग फैब्रिक्स और ब्लाइंड्स**

## फ्लोर एवं फर्निशिंग (F&F)

फ्लोर एंड फर्निशिंग्स आगंतुकों के लिए होम फर्निशिंग फैब्रिक्स, वॉलपेपर्स, रग्स और वॉल-टू-वॉल कार्पेट की एक शानदार रेंज पेश करता है। एचजीएच इंडिया 2025 में, वे प्रिंटेड, बुने हुए, कढ़ाई वाले और जैक्वार्ड डिज़ाइन प्रदर्शित करेंगे, जो भारतीय घरों के अंदरूनी हिस्सों में सदाबहार सुंदरता और नए जमाने का आकर्षण लाएंगे।


*Floor & Furnishing*

## फेनरो इंडस्ट्रीज

फेनरो इंडस्ट्रीज, एचजीएच इंडिया 2025 में विंडो फ़ैशन के अपने नवीनतम नवाचारों को प्रदर्शित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। फेनरो अपने **रोलर ब्लाइंड फैब्रिक्स** और **ज़ेबरा ब्लाइंड फैब्रिक्स** की एक बिल्कुल नई रेंज के साथ आधुनिक इंटीरियर को एक नया नज़रिया दे रहा है, जिसे स्टाइलिश और काम के लिहाज़ से बेहतर जगहों की बदलती ज़रूरतों को पूरा करने के लिए बेहद सावधान से डिज़ाइन किया गया है।


*Roller Blinds*

नए **रोलर ब्लाइंड फैब्रिक** में मुख्य रूप से साफ-सुथरे, बेहद कम डिजाइन और सहज प्रदर्शन पर विशेष ध्यान दिया गया है, जो घरों, कामकाज की जगहों या बड़े स्तर की परियोजनाओं के लिए एकदम सही हैं, जहाँ सादगी के साथ-साथ काम करना भी आसान हो। वहीं दूसरी ओर, **ज़ेबरा ब्लाइंड फैब्रिक** आपकी गोपनीयता और रोशनी को नियंत्रित करने के बीच बेहद सही संतुलन बनाते हैं, और किसी भी कमरे में सौम्य एहसास के साथ उसकी सुंदरता को बढ़ा देते हैं।

उत्कृष्ट इंजीनियरिंग और डिज़ाइन के प्रति पैनी नज़र के साथ तैयार किया गया यह कलेक्शन फेनरो के मिशन: यानी स्मार्ट जीवन के सदाबहार स्टाइल के साथ खूबसूरत मिलन को दर्शाता है।

17वें एचजीएच इंडिया में फेनरो के साथ विंडो को बेहद खूबसूरत बनाने वाले उत्पादों की प्रगति का अनुभव करें।

## डिज़ाइनर्स रिसोर्स

डिज़ाइनर्स रिसोर्स उम्दा कारीगरी का एक ऐसा ब्रांड है, जो पारंपरिक शिल्प कौशल को नए जमाने के सौंदर्य के साथ मिलाकर होम फ़र्नीशिंग में लग्जरी को एक नई पहचान देता है। भारत की समृद्ध कलात्मक विरासत से गहराई से जुड़ी ये कंपनी, ऐसे लाजवाब टेक्सटाइल्स की पेशकश करने वाली है, जो कारीगरों के हुनर और विरासत के प्रति सम्मान को दर्शाते हैं।

डिज़ाइनर्स रिसोर्स के कलेक्शन में बेहद उम्दा बनावट, पैटर्न की बारीकियों और स्थायी सुंदरता पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिन्हें घर और व्यावसायिक स्थानों के अंदरूनी हिस्सों को निखारने के लिए सोच-समझकर तैयार किया गया है। चाहे आप अपने रहने की जगह को नया रूप दे रहे हों या मेहमाननवाज़ी वाली जगह को बेहतर बना रहे हों, डिज़ाइनर्स रिसोर्स इन सभी के लिए ऐसे टेक्सटाइल्स की पेशकश करता है, जो सुंदरता, टिकाऊपन और हमेशा पसंद आने वाले अंदाज़ का प्रतीक हैं।


*Designers Resource*

**स्पेशलिटी टेक्सटाइल्स**

## एस्सेन स्पेशियलिटी फिल्म्स लिमिटेड

एस्सेन स्पेशियलिटी फिल्म्स लिमिटेड की स्थापना 2002 में हुई थी, जिसने विशेष प्लास्टिक उत्पादों के एक प्रमुख निर्माता और निर्यातक के रूप में अपनी पहचान बनाई है, जो पूरी दुनिया में घरों की साज-सज्जा और होम फ़र्नीशिंग उद्योग की ज़रूरतों को पूरा करता है।


*PEVA table cloth*

अपनी जनक कंपनी राजू इंजीनियर्स लिमिटेड से विरासत में मिली तकनीकी क्षमताओं के साथ, एस्सेन आज 24 से ज़्यादा देशों में एक भरोसेमंद वैश्विक आपूर्तिकर्ता बन गया है। दुनिया की सबसे ज़्यादा स्थापित उत्पादन क्षमता में से एक के साथ, एस्सेन फिलहाल पूरी दुनिया में पीईवीए नॉन-एडहेसिव शेल्फ लाइनर्स का दूसरा सबसे बड़ा तथा पीईवीए शावर कर्टन एवं लाइनर्स का तीसरा सबसे बड़ा निर्माता है।

ब्रांड के प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में छह मुख्य श्रेणियां हैं, जिनमें बाथ एरिया एवं एक्सेसरीज़, कृत्रिम पौधे एवं फूल, किचन एवं डाइनिंग, स्टोरेज एवं ऑर्गनाइजेशन, फिटनेस एवं लाइफस्टाइल, और आउटडोर एवं यूटिलिटी प्रोडक्ट्स शामिल हैं। एस्सेन को सस्टेनेबिलिटी को सबसे ज्यादा अहमियत देने वाली सोच के लिए जाना जाता है, जो उपभोक्ता द्वारा इस्तेमाल की गई जीआरएस और आरसीएस प्रमाणित रीसाइकल्ड सामग्रियों के उपयोग से अपने उत्पादों का निर्माण करता है।

एस्सेन को आईकेईए से दो बार "सप्लायर ऑफ द ईयर" का अवॉर्ड मिला है। कंपनी का पूरा काम 100% नवीकरणीय ऊर्जा से चलता है, जिसमें प्रक्रिया के दौरान कचरे का पूरा पुनर्चक्रण और खुद का अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र भी शामिल है। इससे यह जाहिर होता है कि, सस्टेनेबिलिटी और विश्व-स्तरीय विनिर्माण साथ-साथ चल सकती हैं।

## शिवा टेक्सयार्न

**शिवा टेक्सयार्न** को वस्त्र निर्माण में पारंपरिक कारीगरी और अत्याधुनिक तकनीक के मेल के लिए जाना जाता है, जो एचजीएच इंडिया के 17वें संस्करण में बड़े गर्व के साथ अपने **सस्टेनेबल** और **बेहद उम्दा प्रदर्शन करने वाले उत्पादों** की अपनी खास रेंज को प्रस्तुत करने वाला है।

- **होम एवं हॉस्पिटैलिटी टेक्सटाइल:** प्रीमियम मैट्रेस प्रोटेक्टर (लेमिनेटेड/कोटेड), बेहद मुलायम बम्बू और माइक्रोफाइबर टॉवल, इको-फ्रेंडली बम्बू बेडशीट और आरामदायक रज़ाइयों की रेंज देखें।
- **रोजमर्रा के लिए उपयोगी वस्तुएँ:** बेहद टिकाऊ वॉलपेपर, फिसलने से बचाने वाली मैट और हर तरह से काम आने वाले कोटेड कैनवास यूटिलिटी प्रोडक्ट्स के बारे में जानें।

**गुणवत्ता, नवाचार और सस्टेनेबिलिटी** के लिए अपने संकल्प पर कायम रहते हुए, शिवा टेक्सयार्न आज के जमाने के रहन-सहन के अनुरूप टेक्सटाइल के अनुभव को लगातार बेहतर बना रहा है।


*Shiva Texyarn*

# मास्टर क्राफ्ट्सपर्सन | इंडियाज रिच कल्चर | हैंडीक्राफ्ट्स

## Indian heritage
HANDICRAFTS | KHADI | COIR | JUTE

भारतकी विरासत सदियों से प्रतिभाशाली कारीगरों, शिल्पकारों और बुनकरों के हाथों में कला के कई सुंदर रूपों में ढली है। धातु, लकड़ी, मिट्टी, टेराकोटा, कांच, कपड़े, बेंत, बांस और कई तरह की प्राकृतिक व पर्यावरण-अनुकूल सामग्री से बनी हस्तशिल्प से लेकर; कला, पेंटिंग, प्रिंटिंग, कढ़ाई तक, भारत में हाथों की कारीगरी का इतिहास काफी विविध और मज़बूत रहा है। एचजीएच इंडिया **भारतीय विरासत** की अपनी जानी-पहचानी अवधारणा के तहत, एचजीएच इंडिया के 17वें में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक, बुनाई और शिल्प विरासत को



बाएँ से दाएँ: श्रीमती श्यामालता गहलोत (चांदी पर कारीगरी), श्रीमती सुतपा भुइयां (हाथ की कढ़ाई), श्री नूरदीन चित्रकार (बंगाल पट्टचित्र), श्री मोहम्मद मतलूब (लकड़ी पर नक्काशी)

बढ़ावा देना जारी रखेगा। एचजीएच इंडिया द्वारा शुरू की गई इस पहल ने पिछले 10 संस्करणों में भारतीय कारीगरों को उनके हस्तशिल्प, सजावटी सामान, हथकरघा और खादी से बने होम टेक्सटाइल, बांस एवं बेंत के उत्पाद, कॉयर और जूट के उत्पाद, तथा फैशन एक्सेसरीज़ जैसे उत्पादों की मार्केटिंग में बेहद प्रभावी तरीके से लगातार मदद की है।

एचजीएच इंडिया में भारतीय विरासत के संस्करण में हस्तशिल्प के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने वाले कई कारीगर एक ही छत के नीचे एकजुट होंगे, जिनसे खुदरा विक्रेता, आर्किटेक्ट और इंटीरियर डिज़ाइनर सीधे तौर पर संपर्क कर सकते हैं तथा लंबे समय तकसोर्सिंग के लिए बेहतर जुड़ाव बना सकते हैं। अपनी कारीगरी का प्रदर्शन करने वाले प्रमुख शिल्पकारों में शामिल हैं: राजस्थान की **श्रीमती श्यामालता गहलोत**, जो लाइफ़स्टाइल प्रोडक्ट्स, फर्नीचर और लैंप पर सोने-चांदी की बारीक कोफ्तगिरी के लिए बेहद मशहूर हैं। पश्चिम बंगाल के **श्री नूरदीन चित्रकार**, जो बंगाल पट्टचित्र के उस्ताद हैं तथा उन्हें एमएसएमई के तहत उद्यम विकास के लिए राष्ट्रीय योग्यता प्रमाणपत्र भी दिया गया है, जबकि उनकी पत्नी भी कलामणि और राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित हैं। मुंबई की **श्रीमती सुतपा भुइयां** अपनी बेहद उम्दा हाथ की कढ़ाई का प्रदर्शन करेंगी, तथा दिल्ली के **श्री मोहम्मद मतलूब** लकड़ी की बेहतरीन नक्काशी की विरासत पेश करेंगे, जिन्हें प्रतिष्ठित शिल्प गुरु पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

# सेवाएँ

### मेट्रो
बॉम्बे एग्जीबिशन सेंटर पहुँचने का सबसे आसान तरीका, खासकर ज़्यादा ट्रैफिक और भीड़-भाड़ वाले समय में, **मुंबई मेट्रो लाइन** 7 (रेड लाइन) का इस्तेमाल करना है, और यहाँ से आने जाने के लिए **गोरेगांव ईस्ट मेट्रो स्टेशन** सबसे नजदीक है। बॉम्बे एग्जीबिशन सेंटर के ठीक बाहर ही ये मेट्रो स्टेशन स्थित है, जो लगभग 100 मीटर की पैदल दूरी पर है। यह सबसे सुविधाजनक विकल्प है, जिसमें किसी और वाहन या बदलने की ज़रूरत नहीं पड़ती। दहिसर से गुंडावली (अंधेरी ईस्ट) तक जाने वाली यह मेट्रो लाइन आपको दूसरे स्थानों तक जाने के परिवहन विकल्पों से जुड़ने की सुविधा देती है।

### पार्किंग
बॉम्बे एग्जीबिशन सेंटर में आगंतुकों की कार पार्किंग के लिए अलग व्यवस्था की गई है। आयोजन स्थल के गेट नंबर 1 से इन पार्किंग क्षेत्रों में प्रवेश किया जा सकता है। इस सुविधा का प्रबंधन सीधे नेस्को द्वारा किया जाता है। आगंतुकों के लिए निर्धारित पार्किंग क्षेत्र में माल ढोने वाले वाहनों को पार्क करने की इजाज़त नहीं है।

### सामान रखने की सुविधा
एचजीएच इंडिया ने आगंतुकों और प्रदर्शकों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए, सभी हॉल में आगंतुक पंजीकरण के पास सामान रखने की सुविधाएँ बनाई हैं। आगंतुक और प्रदर्शक ट्रेड शो की अवधि में सुबह 09:00 बजे से शाम 06:30 बजे तक इन सुविधाओं का निःशुल्क लाभ उठा सकते हैं।

### निःशुल्क शटल बस सेवा
एचजीएच इंडिया ने प्रदर्शकों और आगंतुकों की सुविधा के लिए, ट्रेड शो स्थल और मुंबई शहर के महत्वपूर्ण प्रवेश एवं निकास बिंदुओं के साथ-साथ आयोजन स्थल के नज़दीकी रेलवे स्टेशनों के बीच मुफ्त शटल बस सेवाओं की व्यवस्था की है। इनमें घरेलू हवाई अड्डा, अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा और बोरीवली (पूर्व), गोरेगांव (पूर्व), राम मंदिर (पूर्व), अंधेरी (पूर्व) जैसे प्रमुख रेलवे स्टेशन और वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन शामिल हैं। विभिन्न स्थानों से शटल बस के आने-जाने का शेड्यूल हमारी वेबसाइट www.hghindia.com पर देखा जा सकता है। यह जानकारी आयोजन स्थल पर शटल बस पिक-अप पॉइंट तथा सूचना डेस्क पर भी प्रदर्शित की जाएगी।

### किराये पर उपलब्ध कार
प्रदर्शक और आगंतुक इस आयोजन के आधिकारिक ट्रैवल एजेंट, टैमरेंड ग्लोबल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड से ड्राइवर सहित कई तरह की किफायती और लक्ज़री कारें किराए पर ले सकते हैं। अगर आप ट्रेड शो के सभी 4 दिनों के लिए वाहन रखना चाहते हैं, तो कृपया ट्रैवल एजेंट को पहले से इसकी जानकारी दें ताकि आपकी गाड़ी उसी हिसाब से आरक्षित की जा सके। इससे संबंधित सभी जानकारी और बुकिंग के लिए, कृपया **श्री हेमंत करांडे से मोबाइल नंबर** +91 96 194 69181 पर संपर्क करें।

### टैक्सी
मुंबई महानगर क्षेत्र में कई तरह की मीटर वाली और रेडियो टैक्सी (कॉल-ए-टैक्सी) सेवाएँ उपलब्ध हैं। मुंबई में टैक्सी की ऑनलाइन बुकिंग का तरीका बहुत सुविधाजनक और लोकप्रिय है। घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों के साथ-साथ उन सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर भी रेडियो टैक्सी की सुविधा उपलब्ध हैं, जहाँ बाहर से आने वाली ट्रेनों का सफर समाप्त होता है। आसान बुकिंग के लिए आप ओला और उबर ऐप भी डाउनलोड कर सकते हैं।

### रेस्टोरेंट/कैफेटेरिया
सेट-अप की अवधि में, आयोजन स्थल पर अलग-अलग जगहों पर कैफेटेरिया की सुविधा उपलब्ध होगी। हर हॉल में कंस्ट्रक्शन टीमों के लिए खाने-पीने की सुविधा उपलब्ध होगी, जिसके लिए भुगतान करना होगा। खाने-पीने की इस पूरी व्यवस्था का प्रबंधन नेस्को फूड्स द्वारा किया जाएगा, साथ ही नियमों के अनुसार आयोजन स्थल के बाहर से खरीदी गई खाने-पीने की कोई भी चीज आयोजन स्थल पर लाने की अनुमति नहीं होगी।

01 से 04 जुलाई 2025 तक चलने वाले ट्रेड शो के दौरान, हॉल के अंदर और परिसर में कई जगहों पर फ़ूड कोर्ट, रेस्टोरेंट और कैफ़ेटेरिया चालू रहेंगे। आयोजकों द्वारा तैयार किए गए खास लाउंज भी विशिष्ट प्रदर्शकों और आगंतुकों को मेहमाननवाज़ी का अनुभव प्रदान करेंगे।

आयोजकों द्वारा सेट-अप की अवधि के साथ-साथ ट्रेड शो के दौरान सभी प्रदर्शकों और आगंतुकों के लिए मुफ्त पेयजल की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा, बॉम्बे एग्जीबिशन सेंटर के अंदर के कैफेटेरिया और रेस्टोरेंट से भी पानी खरीदा जा सकता है।

### लाउंज
हमेशा की तरह, इस बार भी एचजीएच इंडिया ने अपने आगंतुकों और प्रदर्शकों के लिए कुछ खास सुविधाओं की पेशकश की है, जिनमें फ्रूट लाउंज, पॉपकॉर्न लाउंज (हॉल 6), फुट स्पा (हॉल 3) और हॉट लाउंज (हॉल 4) शामिल हैं। ये सभी लाउंज पूरे शो के व्यावसायिक घंटों के दौरान सभी पात्र आगंतुकों और प्रदर्शकों के लिए खुले हैं, ताकि वे एक छोटा-सा ब्रेक ले सकें और फिर से काम पर लौट सकें।

इसके अलावा, सभी हॉलों में आगंतुकों के लिए मिलने-जुलने और आराम करने की जगह के तौर पर विजिटर लाउंज बनाए गए हैं।

### प्रार्थना कक्ष
ट्रेड शो की अवधि के दौरान प्रार्थना करने के इच्छुक लोगों के लिए हॉल के परिसर में एक प्रार्थना कक्ष की व्यवस्था की गई है। यहाँ तक पहुँचने के लिए आप लगे हुए साइनेज की मदद ले सकते हैं या सभी हॉल में मौजूद सूचना डेस्क से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### मीडिया लाउंज
हॉल 3 में मीडिया लाउंज बनाया गया है, जहाँ मान्यता प्राप्त और पंजीकृत मीडिया कर्मियों के लिए इंटरनेट, काम करने की मेज़ें और जलपान जैसी सभी सुविधाएँ उपलब्ध हैं।

### चिकित्सा सेवाएँ (प्राथमिक चिकित्सा)
एचजीएच इंडिया ने आगंतुकों और प्रदर्शकों की सेहत व सुरक्षा को सबसे ज्यादा अहमियत देते हुए प्राथमिक उपचार और प्राथमिक चिकित्सा सुविधाओं की व्यवस्था की है। इसे "प्राथमिक चिकित्सा" के नाम से दर्शाया गया है और यह सभी हॉल में आगंतुक पंजीकरण क्षेत्र के पास स्थित है। आयोजन स्थल पर हर वक्त एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध रहेगी, जिसमें सेट-अप (28-30 जून 2025) और ट्रेड शो के दिन (01-04 जुलाई 2025) भी शामिल हैं। किसी भी आपातकालीन चिकित्सा सहायता के लिए, कृपया संपर्क करें: डॉक्टर ऑन ड्यूटी, मोबाइल: +91 98 202 37631।